
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 148 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**तीसरी लहर से बच्चों को खतरा!



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 11 सितंबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0°

40243.39

2 अफगानिस्तान की अस्थिरता भी खतरा

7 भारतीय टीम मैदान पर नहीं उतर सकती

# अभी भी कोरोना की दूसरी लहर से गुजर रहा भारत

## कोरोना के हालात और वैक्सीनेशन को लेकर पीएम मोदी ने की उच्च स्तरीय बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश में कोरोना वायरस से संबंधित स्थिति और टीकाकरण अभियान की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कोरोना के ताजा हालात की जानकारी ली और उस पर काबू पाने के उपायों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर देश में कोरोना की स्थिति और वैक्सीनेशन अभियान को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान वैक्सीनेशन की स्थिति और कोरोना महामारी पर काबू पाने के लिए आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, शहरी विकास सचिव, सड़क परिवहन सचिव, कैबिनेट सचिव, पीएमओ के प्रधान सचिव, स्वास्थ्य सचिव और सचिव जैव प्रौद्योगिकी समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद थे।.

**विशेषज्ञों ने चेतावनी दी**

कोरोना की तीसरी लहर से निपटने को लेकर सभी राज्य विशेष बाल चिकित्सा वार्ड तैयार कर रहे हैं। कुछ विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि छोटे बच्चे किसी भी नए कोरोना वायरस की चपेट में आ सकते हैं। वहीं, मध्य प्रदेश सहित राज्य रेमडेसिविर जैसी एंटी-वायरल दवाओं का स्टॉक करने में लगे हुए हैं।

बैठक के एक दिन पहले केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा था कि भारत अभी भी कोरोना की दूसरी लहर से गुजर रहा है और यह अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा था कि देश के 35 जिले अभी भी साप्ताहिक कोविड सकारात्मकता दर 10 फीसद से अधिक की रिपोर्ट कर रहे हैं, जबकि यह 30 जिलों में पांच से 10 फीसद के बीच है। भारत की आधी से अधिक वयस्क आबादी को एंटी-कोरोनावायरस वैक्सीन की कम से कम एक डोज मिली है, जबकि 18 फीसद को दोनों डोज लग चुके हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा था कि देश में कोरोना के टीकाकरण की कुल संख्या 72 करोड़ को पार कर गई है।



### 24 घंटे में 34,973 केस दर्ज, मौतों की संख्या भी घटी

देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के नए मामलों और मौतों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 24 घंटे में 34 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं और इस दौरान मरने वालों का आंकड़ा ढाई सौ से ऊपर रहा। वहीं, इससे एक दिन पहले संक्रमितों के 43 हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटे में 34,973 मामले सामने आए हैं और इस दौरान 260 कोरोना के मरीजों की मौत हो गई है।

देश में कल 34,973 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए, जो पिछले दिन की तुलना में 19 फीसद कम हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार शाम को बताया कि राज्य में आज 25,010 नए मामले सामने आए और 177 मौतें हुईं हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में भारत ने कई और अस्पतालों में नए बेड की व्यवस्था की है। इसके साथ ही 100 से अधिक ऑक्सीजन टैंकर आयात किए हैं, जो कुल मिलाकर लगभग 1,250 हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने अस्पतालों में लगभग 1,600 ऑक्सीजन प्लांट्स के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

### 80 प्रतिशत छात्रों ने कोविड-19 के दौरान सीखने के स्तर में कमी बताई

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 14-18 वर्ष के आयु वर्ग के कम से कम 80 प्रतिशत छात्रों ने कोविड-19 महामारी के दौरान सीखने के स्तर में कमी आने की सूचना दी, क्योंकि स्कूल बंद हैं।

संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकाल कोष (यूनिसेफ) की रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि बार-बार स्कूल बंद होने से दक्षिण एशिया में बच्चों के लिए सीखने के अवसरों में चिंताजनक असमानताएं पैदा हुई हैं। इसमें कहा गया है कि 5-13 वर्ष की आयु वर्ग के छात्रों के 76 प्रतिशत माता-पिता ने दूरस्थ शिक्षा के दौरान सीखने के स्तर में गिरावट की बात कही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मौसम विभाग ने जारी किया अलट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। कई राज्यों में आज सुबह हल्की बारिश देखी गई। अलग-अलग राज्यों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई। वहीं मौसम विभाग ने कहा कि कुछ ही देर में दिल्ली, यूपी, हरियाणा व राजस्थान के कई क्षेत्रों में बारिश होगी। मौसम विभाग ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।

### नहीं थम रहा डेंगू का प्रसार, यूपी-मप्र में हालात खराब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में आज भी कोरोना के प्रसार से जनता पीड़ित है। कोविड के आए दिन 40 हजार की चपेट हर रोज नए मामले आ रहे हैं। उस बीच देश के कई हिस्सों में डेंगू बुखार के कारण चिंता बढ़ गई है। यूपी में किसी संदिग्ध बुखार व डेंगू बुखार की चपेट में आकर 100 से ऊपर लोगों ने दम तोड़ दिया है।

# जनेऊधारी ब्राह्मण, दत्तात्रेय गोत्र अब कश्मीरी पंडित

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जम्मू के दो दिवसीय दौरे पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वैष्णो माता मंदिर में दर्शन के अगले दिन शुक्रवार को राहुल गांधी ने जब जम्मू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तो श्जय माता दीश के नारे लगवाए। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अपना रिश्ता जोड़ते हुए कहा कि वह और उनका परिवार भी कश्मीरी पंडित है। इससे पहले भी कभी कांग्रेस ने तो कभी खुद राहुल गांधी ने जोर देकर अपनी पहचान जनेऊधारी ब्राह्मण, दत्तात्रेय गोत्र वाले ब्राह्मण या कश्मीरी पंडित के तौर पर बताई है। आइए, समझते हैं कि राहुल गांधी आखिर क्यों इस पहचान को पुख्ता करना चाहते हैं, उनके बयानों के सियासी मायने क्या हैं।

जम्मू में राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें यहां आकर घर जैसा महसूस होता है। उन्होंने कहा, श्मैं और मेरा परिवार भी कश्मीरी पंडित है और हम झूठ नहीं बोलते हैं। मैं अपने कश्मीरी भाई और बहनों की समस्या सुलझाऊंगा। जब भी मैं जम्मू-कश्मीर आता हूं, ऐसा लगता है जैसे घर आया हूं। मेरे परिवार का जम्मू-कश्मीर से लंबा रिश्ता है।

**राहुल को बताई कांग्रेस की कमजोरी**

रजनी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तरफ इशारा करते हुए कहा कि ये पार्टी की सबसे बड़ी ताकत होते हुए कमजोर हैं। क्योंकि इनको हमारी और आपकी तरफ से कोई ताकत नहीं मिलती। सभी बड़े नेता ताकत देने को कहते हैं लेकिन इस पर कोई अमल तक नहीं करता है। ये हमारी और कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी कमजोरी है।

**यूपी में ब्राह्मणों को साधने की कवायदः** कभी गोत्र तो कभी जनेऊ तो कभी कश्मीरी पंडित के बहाने राहुल गांधी या कांग्रेस की कोशिश ब्राह्मणों को साधने की है, जो कभी उनका मजबूत वोट बैंक होते थे। अगले साल की शुरुआत में यूपी, उत्तराखंड समेत 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। सियासी लिहाज से देश के सबसे बड़े और सबसे अहम सूबे यूपी में तो सभी पार्टियां ब्राह्मणों को लुभाने की कोशिश में हैं। कोई पुलिस श्एनकाउंटरश में मारे गए गैंगस्टर विकास दुबे के परिजनों के जरिए ब्राह्मणों को साधने की कोशिश में है तो कोई श्प्रबुद्ध वर्गश सम्मेलनों के जरिए। बीजेपी अपने इस वोट बैंक को बचाकर रखने की जद्दोजहद में है तो मायावती की बीएसपी को 2007 की तरह चमत्कार की उम्मीद है।

# भारत आस्ट्रेलिया के साथ मजबूत साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री मैरिसे पायने और रक्षा मंत्री पीटर दत्तन टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए भारत दौरे पर आए हैं। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके आस्ट्रेलियाई समकक्ष पीटर दत्तन ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद आपकी भारत यात्रा हमारी मजबूत मित्रता का प्रमाण है। भारत और आस्ट्रेलिया ने शांतिपूर्ण, सहकारी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हिस्सेदारी साझा की है। भारत पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और विकास के लिए आस्ट्रेलिया के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि आज हमारी चर्चा हमारे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और सेनाओं के बीच मिलिट्री इंगेजमेंट में विस्तार करने, रक्षा सूचना को साझा करने को बढ़ाने, उभरती रक्षा प्रौद्योगिकियों में सहयोग और आपसी लाजिस्टिक सपोर्ट पर केंद्रित थे। आस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री पीटर डटन के साथ मेरी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के साथ क्षेत्री मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। हम दोनों भारत-आस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की सभी संभावनाओं को साकार करने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए उत्सुक हैं। मैं रक्षा क्षेत्र में भारत की उदार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीतियों का लाभ लेने के लिए आस्ट्रेलियाई उद्योग को आमंत्रित करता हूं। हम दोनों इस बात से सहमत हैं कि सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए द्विपक्षीय सहयोग के अनेक अवसर मौजूद हैं।

**बैठक**

■रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आस्ट्रेलियाई समकक्ष पीटर दत्तन के बीच द्विपक्षीय बैठक

आस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री पीटर दत्तन ने कहा कि आस्ट्रेलिया की इंडो-पैसिफिक रणनीति के लिए भारत का नेतृत्व जरूरी है। हम दुनिया के महत्वपूर्ण महासागरों में से एक को साझा करते हैं।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत का औद्योगिक उत्पादन जुलाई में 11.5 फीसद बढ़ गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में ये जानकारी सामने आई है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2021 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 10.5 फीसद बढ़ा। जारी आंकडों के मुताबिक, जुलाई में खनन उत्पादन 19.5 फीसद और बिजली उत्पादन 11.1 फीसद बढ़ा।

**जुलाई में औद्योगिक उत्पादन 11.5 फीसद बढ़ा**

बता दें कि जुलाई 2020 में IIP में 10.5 फीसद की गिरावट आई थी। इस साल अप्रैल-जुलाई के दौरान IIP 34.1 फीसद बढ़ा था। पिछले साल की समान अवधि में इसमें 29.3 फीसद का संकुचन था।

कोरोनो वायरस महामारी के कारण औद्योगिक उत्पादन पिछले साल मार्च से प्रभावित हुआ है। वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण आर्थिक गतिविधियों में गिरावट आई और अप्रैल 2020 में यह 57.3 फीसद कम हो गया।